इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.



# मध्यप्रदेश राजपत्र

## ( असाधारण )

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 194] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 13 अप्रैल 2012—चैत्र 24, शक 1934


### ऊर्जा विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 13 अप्रैल 2012

क्र. 3081-तेरह-2012.—राज्य शासन, एतद्द्वारा राज्य में निजी पूंजी निवेश पर आधारित ताप विद्युत संयंत्र की स्थापना किये जाने हेतु शासकीय भूमि उपलब्ध होने पर उसके प्रबंधन हेतु दिनांक 4-10-2011 को मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित ''मध्यप्रदेश राज्य (ताप विद्युत संयंत्रों की स्थापना) भूमि प्रबंधन नियम, 2011'' की कंडिका 7 ''भूमि आवंटन हेतु प्रब्याजि'' को संशोधित कर निम्नानुसार करता है:—

''(7) **भूमि आवंटन हेतु प्रब्याजि:—**

1. इन नियमों के अंतर्गत भूमि आवंटन की दरें, निम्न में से जो अधिक हो, के अनुसार होंगी:—

   (i) भूमि की प्रब्याजि राशि रू. 5 लाख तथा 30 वर्ष के लिए भू-भाटक की एकमुश्त देय राशि रू. 3 लाख, कुल रू. 8 लाख प्रति एकड़.

   (ii) जिले के समान क्षेत्रों में कलेक्टर द्वारा निर्धारित सिंचित कृषि भूमि की प्रति एकड़ गाइड-लाइन से 1.6 (एक दशमलव छ:) गुना.

2. राज्य शासन को उपरोक्त कण्डिका में दर्शाई राशि में संशोधन करने का अधिकार होगा. यह स्पष्ट किया जाता है कि इन नियमों के अधीन आवंटित भूमि पर कोई भू-भाटक/किराया देय नहीं होगा.''

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**मोहम्मद सुलेमान**, सचिव.



नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2012.